
# थ्री लेयर ब्रिज निर्माण के अंडर पास में नर्मदा लाइन बनी बाधा ,काम रुका

▶ मामला एनएचएआई बायपास पर बेस्ट प्राइज फ्लाई ओवर का

**इंदौर.** शहर के बायपास एनएचएआई द्वारा थ्री लेयर ब्रिज बनाया जा रहा है. इस ब्रिज में एमआर- 10 पर बड़ा और लंबा अंडर पास का काम रोक गया है. वजह यह है कि नर्मदा लाइन आने से खुदाई रोक दी गई है, क्योंकि सर्विस रोड धंसने की संभावना है. बेस्ट प्राइज से बायपास फ्लाई ओवर एवं उक्त दोनों के उपर से फ्लाई ओवर ब्रिज निकल रहा है. यह बायपास और राधौगढ़ सड़क को जोड़ने वाला ब्रिज 1.5 किलोमीटर लंबा होगा.



एनएचएआई एमआर-10 के आखरी छोर बायपास पर 6 लेन का अंडर पास निर्माण कार्य रुका हुआ है. यह अंडर पास करीब 500 मीटर लंबा है और इसकी खुदाई एनएचएआई ने फिलहाल रोक दी है, क्योंकि सर्विस रोड के पास से नर्मदा लाइन जा रही है. नर्मदा लाइन शिफ्ट किए बगैर खुदाई कार्य नहीं हो सकता है और सर्विस रोड धंसने का डर है. सर्विस रोड धंस गई तो यातायात व्यवस्था बिगड़ जाएगी और एक नया ब्लैक स्पॉट पैदा होने का खतरा है. उक्त अंडर पास कनाडिया हरदा रोड पर मिलेगा. एनएचएआई दूरी तरफ बेस्ट प्राइज से बायपास पर एक्सिस्टिंग ब्रिज बना रहा है, जिसमें देवास मुंबई का ट्रैफिक निर्बाध रूप से चलाने की योजना है. उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज की कुल लंबाई तीनों को जोड़ने पर 1.5 किलोमीटर लंबी होगी। उक्त थ्री लेयर ब्रिज निर्माण में करीब 70 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं. उक्त ब्रिज को बनाने ठेका मल्होत्रा बिल्डकॉन को दिया है. उक्त ब्रिज बनने के बाद बायपास पर एक्सिस्टिंग हाई वे और स्क्वेयर पर देवास और मुंबई की तरफ हरदा से आने वाले वाहन सीधे बायपास पकड़ लेंगे.

**तकनीकी सुरक्षा करके आगे काम करेंगे** - एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण कुमार यादव ने कहा कि सर्विस रोड धंसने का खतरा है, इसलिए खुदाई रोक दी है. पहले दूसरी तरफ का कार्य पूरा कर और मेन कैरेज़ वे का काम 80 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है. लाइन शिफ्ट या उसकी तकनीकी सुरक्षा करके आगे काम करेंगे.

**थ्री लेयर ब्रिज का काम जुलाई 25 में होना था पूरा**

थ्री लेयर ब्रिज का काम जुलाई 2025 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन ब्रिज का निर्माण कार्य अभी भी पूरा होने में इस साल का दिसंबर तक का समाज लगने की संभावना बताई जा रही है. इसकी वजह यह है कि बायपास पर ट्रैफिक डायवर्शन की अनुमति देर से मिली है. ब्रिज का काम 16 फरवरी 24 में शुरु किया गया था और जुलाई 2025 में पूरा करना था, लेकिन मार्च 2026 में भी काम पूरा नहीं हो सका है और अभी इस साल के दिसंबर महीने तक काम पूरा होने की संभावना बताई जा रही है.

# सोशल मीडिया पर हथियार के साथ रील बनाई, गिरफ्तार

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ वीडियो बनाकर दहशत फैलाने वाले बदमाश के खिलाफ परदेशीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार (फालिया) के साथ गिरफ्तार कर लिया.

थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान जानकारी मिली थी कि एक युवक हथियार लहराते हुए रील बनाकर उसे वायरल कर रहा है. सूचना के आधार पर परदेशीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुभम खटीक उम्र 29 साल निवासी जनता क्वार्टर परदेशीपुरा को पकड़ लिया. आरोपी ने फालिया लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था,



जिससे क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश की जा रही थी. पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अवैध फालिया जब्त किया गया. आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ पहले भी एक प्रकरण दर्ज है.

एक नजर में

## होली-रंगपंचमी पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले 60 पुलिसकर्मी सम्मानित



**महू.** होली, रंगपंचमी और भारतीय क्रिकेट टीम की टी20 वर्ल्ड कप जीत के बाद निकले विजय जुलूसों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले 60 पुलिसकर्मियों को बुधवार शाम सम्मानित किया गया. इंदौर (ग्रामीण) एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिए. एसपी भूटिया और एएसपी रूपेश कुमार द्विवेदी ने सम्मान समारोह के दौरान कहा कि बड़े त्योहारों और संवेदनशील जुलूसों के समय शहर में सौहार्द बनाए रखना पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी थी. अधिकारियों ने सभी कर्मियों की सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की, जिसकी वजह से शहर के सभी आयोजन बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुए. सम्मानित होने वालों में महू थाने के 37, एएसपी कार्यालय के 5, पुलिस लाइन इंदौर ग्रामीण के 2 निरीक्षक और फर्स्ट बटालियन के 9 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं. इनके अलावा महू के 7 एनआरएस (नगर रक्षा समिति) सदस्यों को भी उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र देकर भविष्य में बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया.

## महू में गैस टंकी की किल्लत, उपभोक्ता परेशान

**महू.** भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आर्य रामलाल प्रजापति ने विधायक ऊषा ठाकुर एवं विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि महू में गैस एजेंसियों द्वारा दिसंबर में 12 टंकी पूर्ण होने के बाद अब अप्रैल तक इंतजार करना पड़ रहा है. गैस एजेंसियों द्वारा टंकी नहीं देने की बात कही जा रही है. अप्रैल के पहले टंकी नहीं देने से नागरिकों में आक्रोश है. दो तीन माह तक घरों में खाना कैसे बनाएं. इससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है. कुछ लोगों की 12 टंकी नहीं होने पर भी उन्हें 21 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है. ऐसे में उनकी शेष टंकी मार्च माह में नहीं देने से अप्रैल में डूब जाएंगी. अप्रैल से नया वर्ष का खाता प्रारंभ हो जाएगा. प्रजापति ने शासन से मांग की है कि जिनकी 12 टंकी हो गई हैं, उन्हें एक माह में एक टंकी की और व्यवस्था हो. साथ ही नियमों में परिवर्तन कर प्रत्येक उपभोक्ता को वर्ष में 15 टंकी की व्यवस्था हो, जिससे कालाबाजारी में कमी आएगी. शासन जनता की परेशानी दूर कर उपभोक्ताओं के संकट का उचित समाधान करे.

## शीतला सप्तमी पर निकाला गणगौर का भव्य बाना



**महू.** शीतला सप्तमी के साथ ही गणगौर माता के महापर्व की पारंपरिक धूमधाम प्रारंभ हो गई है. इस अवसर पर ब्यावली महिलाएं 16 दिनों तक 16 जोड़े बनाकर गणगौर माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं. परंपरा के अनुसार शीतला सप्तमी से दूल्हा-दुल्हन के साथ में महिलाएं सज-धजकर बाने निकालती हैं. इस दौरान महिलाएं समूह बनाकर पारंपरिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्सव का आनंद लेती हैं. यह उत्साह गणगौर पर्व तक निरंतर बना रहता है. इस वर्ष गणगौर का महापर्व 21 फरवरी 2026 को मनाया जाएगा, तब तक प्रतिदिन अलग-अलग समूह की महिलाएं बाने निकालकर परंपरा का निर्वहन करेंगी. शीतला सप्तमी के अवसर पर महिलाओं द्वारा हनुमान बाग से भव्य बाने का आयोजन किया गया. बैंड-बाजों के साथ निकला यह बाना लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर दूल्हा-दुल्हन के रूप में सज-धजकर शामिल महिलाएं आकर्षण का केंद्र रहीं. पूरे आयोजन में पारंपरिक उल्लास और उत्साह का वातावरण बना हुआ है.

## मानपुर जुआ कांड : थाना प्रभारी और दो उप निरीक्षकों पर गिरी गाज!

**इंदौर.** मानपुर में आईएएस अधिकारी के फार्म हाउस में संचालित हो रहा जुआ का अड्डा पकड़ाने के बाद पुलिस विभाग में संबंधित थाने के तीन अधिकारियों पर कार्रवाई की चर्चा तेज हो गई है. सूत्रों के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए इंदौर (ग्रामीण) एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया ने मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह हिरवे, सब इंस्पेक्टर नितिन गौशारी और रेशम गिरवाल को निलंबित करने की कार्रवाई की है. हालांकि देर रात तक इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी.

# सुनसान इलाके में महिलाओं से छेड़खानी करने वाला धराया

*सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से हुई पहचान*

इंदौर. राऊ क्षेत्र में सुनसान इलाके में अकेली महिलाओं से छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी को सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पकड़ा. उसके कब्जे से घटना में उपयोग किया गया एक्टिवा वाहन भी जब्त कर लिया है.

थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि 1 नवंबर 2025 को फरियादिया ने थाना राऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि केट रोड स्थित सुनसान



क्षेत्र में एक अज्ञात स्कूटी चालक ने उनके साथ छेड़खानी कर अभद्र टिप्पणी की और मौके से फरार हो गया. इस पर थाना राऊ में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी, पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्ध की तलाश की गई. इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध एक्टिवा चालक केट रोड क्षेत्र में देखा है.

# चरित्र संदेह में पत्नी पर दराते से जानलेवा हमला

▶ आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में कर लिया गिरफ्तार

**इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में पत्नी पर चरित्र संदेह के चलते दराते से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग किया तेज धारदार दराता भी जब्त किया है.**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि सोमवार 9 मार्च की रात को जिला अस्पताल से सूचना मिली थी कि लक्ष्मी उईके उम्र 28 साल निवासी व्यास नगर, चंदन नगर गंभीर घायल अवस्था में उपचार के लिए लाई गई है. पुलिस मौके पर



पहुंची, लेकिन महिला की हालत गंभीर होने के कारण वह बयान देने की स्थिति में नहीं थी. इस दौरान उसकी चचेरी बहन मनीषा ने बताया कि लक्ष्मी के पति सुभाष उईके ने उस पर तेज धारदार दराते से जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिससे उसके स्तन में गंभीर चोट आई. मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में एक पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की और मुखबिर सूचना के आधार पर उसे खंडवा जिले के मोघट थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी सुभाष उईके उम्र 35 साल निवासी ग्राम सुरवा, थाना भीकनगांव जिला खरगोन हाल निवासी व्यास नगर, इंदौर ने बताया कि उसकी पत्नी मजदूरी और घरों में झाड़ू-पोंछा का काम करती है. उसे पत्नी पर किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने का संदेह था. इसी शक के चलते उसने सो रही पत्नी पर शराब के नशे में दराते से हमला कर दिया, आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

# हॉस्टल चलाने के बदले गुंडे ने मांगी 20 हजार की रंगदारी

## मना करने पर संचालक के साथ की मारपीट

**इंदौर. भंवरकुआं थाना इलाके के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर गुंडागर्दी और अवैध वसूली का मामला सामने आया है. एक हॉस्टल संचालक से इलाके में काम करने के बदले हर महीने 20 हजार रुपए की मांग की गई. जब संचालक ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने सरेराह गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रंगदारी और मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, घटना भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित 99 शॉप वाली गली की है. फरियादी अनिरुद्ध पिता आशीष जोशी निवासी महल कचहरी ने पुलिस को बताया कि वह अपने हॉस्टल के काम से भोलाराम मार्ग पर खड़ा था. फरियादी के मुताबिक, तभी वहां आरोपी मिलन नागर निवासी श्री यंत्र नगर आया और अनिरुद्ध को धमकाते हुए बोला कि अगर तुझे भोलाराम उस्ताद मार्ग पर हॉस्टल चलाना है, तो मुझे हर महीने 20 हजार रुपये देने पड़ेंगे.

जब अनिरुद्ध ने यह राशि देने से साफ मना कर दिया, तो मिलन नागर तैश में आ गया और गालियां देने लगा. विवाद बढ़ने पर आरोपी मिलन ने अनिरुद्ध के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी. मौके पर मौजूद अनिरुद्ध के दोस्त अर्पित शर्मा ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके साथ भी झूमाझटकी की. भागते समय आरोपी ने धमकी दी कि अगर इस इलाके में रहना है तो रुपए देने ही पड़ेंगे, वरना तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा.

# सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में बुजुर्गों को मिल रही राहत

▶ 5 मामलों का किया समाधान

▶ हर बुधवार बुजुर्गों की होती हैं सुनवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में वरिष्ठ नागरिकों की पारिवारिक, सामाजिक और संपत्ति संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए इंदौर पुलिस द्वारा संचालित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत बुजुर्गों के लिए राहत का मंच बनती जा रही है. हर बुधवार को आयोजित होने वाली इस पंचायत में काउंसलिंग के माध्यम से बुजुर्गों की शिकायतों का तुरंत निराकरण किया जाता है.**

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) राजेश दंडोतिया ने बताया कि रीगल चौराहा स्थित रानी सराय बिल्डिंग में नगर पुलिस सुरक्षा समिति के कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों



से आवेदन लिए जाते हैं. इसके बाद प्रति बुधवार को पुलिस पंचायत का आयोजन किया जाता है. पुलिस कमिश्नर के निर्देशों में वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाता है.

प्रति बुधवार को आयोजित पंचायत में काउंसलिंग टीम को कई प्रकरण मिले हैं, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में दोनों पक्षों की सुनवाई कर अगली तारीख निर्धारित की गई. काउंसलिंग टीम में डॉ. आरडी यादव, पुरुषोत्तम यादव, रमेश शर्मा, सन्नी मोदी और संजय शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने बुजुर्गों और संबंधित पक्षों को बुलाकर आपसी समझाइश और चर्चा के माध्यम से विवादों को सुलझाने का प्रयास किया.

दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग के जरिए कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाता है. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) राजेश दंडोतिया का कहना है कि इंदौर पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है. सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के माध्यम से बुजुर्गों की पारिवारिक, सामाजिक और संपत्ति से जुड़ी शिकायतों का काउंसलिंग के जरिए तुरंत समाधान कराया जा रहा है. हमारा प्रयास है कि वरिष्ठजन बिना किसी झिझक के अपनी समस्या पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि उन्हें समय पर न्याय और सहयोग मिल सके.

एक नजर में ▶ सरकारी चावल और अन्य सामग्री के वितरण में भारी अनियमितताओं की शिकायतें

# गरीबों के हक के राशन पर गहराता दिख रहा संकट



इंदौर. शहर में गरीबों के राशन को लेकर चल रही उथल-पुथल के बीच, सरकारी चावल और अन्य सामग्री के वितरण में भारी अनियमितताओं की शिकायतें हैं. हालांकि सरकार ने 1 जनवरी 2026 से नई व्यवस्था के तहत मुफ्त राशन की घोषणा की थी, लेकिन जमीनी स्तर पर तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से हितग्राहियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं, गरीबों का राशन बाजार में बेचे जाने की शिकायतें भी मिल रही हैं.

बंगाली क्षेत्र स्थित वार्ड 50 की रमाबाई नगर की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में रहने वाले सैकड़ों गरीब परिवार इन दिनों राशन संकट से जूझ रहे हैं. दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पेट पालने वाले इन लोगों के लिए सरकार की मुफ्त राशन योजना किसी सहारे से कम नहीं थी, लेकिन अब इस योजना में हो रही कटौती ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं. हितग्राहियों ने बताया कि पहले राशन दुकानों से गेहूं, चावल और नमक के साथ चायपत्ती, शक्कर और बाजरा भी मिलता था, जिससे गरीब परिवारों का गुजारा आसान हो जाता था, लेकिन धीरे-धीरे कई जरूरी वस्तुएं बंद कर दी गईं. पहले चायपत्ती, शक्कर और बाजरा बंद हुआ और अब पिछले दो महीनों से कई राशन दुकानों पर चावल भी नहीं दिया जा रहा है.

हितग्राहियों ने सबसे गंभीर आरोप तो यह लगाया है कि नियमानुसार जहां प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल मिलना चाहिए, वहीं इसके एवज में केवल 1 किलो गेहूं दिया जा रहा है. इससे बस्तीवासियों में कालाबाजारी की आशंका और नाराजगी बढ़ती जा रही है. एक अजीब बात यह भी सामने आई है कि कुछ राशन दुकानों से हितग्राहियों को पूरा राशन मिल रहा है. इस तरह तो सीधे तौर पर गरीबों के हक पर डाका डाला जा रहा है. जिससे उन्हें मजबूरी में बाजार से महंगा राशन खरीदना पड़ रहा है. बस्ती के लोगों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि गरीबों को उनका पूरा हक मिल सके.

## ▶ यह बोले रहवासी...



मैं अकेली हूं, आगे पीछे कोई नहीं. मुझे राशन तो मिलता है, लेकिन कई महीने से शक्कर बंद कर दी गई है. अब पिछले दो महीने से चावल भी देना बंद कर दिया गया हैं.

**- इंदु बाई**



पहले हर चीज मिलती थी, लेकिन धीरे-धीरे सब बंद कर रहे हैं. अब केवल गेहूं देते हैं और वह भी कई बार स्टॉक में नहीं होने की बात कहकर टरका देते हैं.

**- चेतन सालवी**



राशन दुकान से चावल देना बंद कर दिया गया है. अब पांच किलो चावल के बदले एक किलो गेहूं दे रहे हैं. हमारे हक का चावल कहां जा रहा है, जांच होना चाहिए. घर में चार-पांच लोग खाने वाले हैं, ऐसे में राशन खरीद कर लाना पड़ता है.

**- रुकमा बाई पवार**

# शादी का झांसा देकर दो युवतियों से दुष्कर्म

इंदौर. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शादी का झांसा देकर दो युवतियों से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में मुकर जाने के मामले सामने आए हैं. पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पहला मामला ईवेंट कंपनी में काम करने वाली एक 27 वर्षीय युवती ने जूनी इंदौर थाने में दर्ज कराया है, जिसमें युवती ने अक्षत तिवारी पुत्र हरीप्रसाद तिवारी, निवासी मनीगढ़ (छत्तीसगढ़) पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात अक्षत से एक शादी के इवेंट के दौरान हुई थी. पहचान बढ़ने के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई. इसी दौरान अक्षत ने उससे शादी करने की बात कही. युवती ने शुरुआत में कहा कि दोनों एक-दूसरे को ठीक से नहीं जानते, लेकिन आरोपी ने खुद को गंभीर बताते हुए प्यार का दावा किया और आत्महत्या करने की धमकी देकर उस पर मानसिक दबाव बनाया. पीड़िता के मुताबिक, पिछले साल (2025) में करवा चौथ की रात अक्षत उसके फ्लैट पर आया, वहां उसने वरमाला पहनाई, मांग में सिंदूर भरा और मंगलसूत्र पहनाकर शादी का विश्वास दिलाया और शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए. कुछ समय पहले युवती ने उससे कहा कि अब वह उसे अपने घर ले जाकर माता-पिता से मिलवाए और परिवार के सामने शादी करे. इसके बाद आरोपी शहर छोड़कर फरार हो गया. बाद में युवती ने पूरी बात अपने परिवार को बताई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को मामला दर्ज कर लिया है.

इसी प्रकार, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

थाना प्रभारी निरज बिरथरे ने बताया कि 26 वर्षीय पीड़िता निवासी नालंदा परिसर, केसर बाग रोड ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी सगाई भोपाल में रहने वाले 27 वर्षीय त्रिवेन्द्र राही से दोनों परिवारों की सहमति से हुई थी. शादी की तैयारियों के दौरान आरोपी 3 से 11 फरवरी के बीच उसके इंदौर स्थित घर पर रुका और शादी का भरोसा दिलाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता का आरोप है कि बाद में आरोपी भोपाल चला गया और उसके पिता के सामने शादी से साफ इनकार कर दिया.

## शादी का नाटक कर लिव-इन में रखा और देह शोषण किया

इंदौर के भंवरकुआ क्षेत्र में कॉलेज की एक 20 वर्षीय छात्रा को शादी का झांसा देकर आरोपी ने लिव-इन में रहकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर फरार हो गया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. आरोपी का नाम दिनेश पुत्र रमेश आर्य, निवासी बड़ौदा (श्योपुर) बताया है.पीड़िता के अनुसार दोनों की पहचान तीन साल पहले कॉलेज में हुई थी और वे एक साथ काम भी करते थे. इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और मोबाइल व व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हो गई. छात्रा ने बताया कि 2023 में उसके जन्मदिन पर दिनेश उससे मिलने आया और शादी करने की बात कही. इसके बाद वह साथ रहने की जिद करने लगा. आरोपी के कहने पर छात्रा विष्णुपुरी में उसके कमरे पर उसके साथ रहने लगी, जहां दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध बने. जब भी छात्रा शादी की बात करती, दिनेश टाल देता था. 7 फरवरी को इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद दिनेश ने शादी से साफ इनकार कर दिया और छात्रा का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर अपने घर चला गया. पीड़िता ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए श्योपुर जाने की तैयारी कर रही है.